
## महिलाओं के नाम जमीन रजिस्ट्री पर 50% शुल्क छूट महिला सशक्तिकरण की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा निर्णय



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए उनके नाम पर कराए जा रहे भूमि रजिस्ट्रेशन शुल्क में 50 प्रतिशत की कमी करने का फैसला लिया है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में माननीय पंजीयन मंत्री श्री ओ पी चौधरी की पहल पर यह प्रस्ताव तैयार किया गया .मंत्रिपरिषद द्वारा इस प्रस्ताव को मंजूरी दिये जाने के उपरान्त अधिसूचना प्रकाशन से यह छूट प्रभावशील हो गई है।इस निर्णय से महिलाओं के नाम संपत्ति के रजिस्ट्री को बढ़ावा मिलेगा जिससे महिला सशक्तिकरण को बल मिलेगा. अधिसूचना के अनुसार, महिलाओं के पक्ष में निष्पादित अचल संपत्ति अंतरण से जुड़े दस्तावेजों पर लागू पंजीयन शुल्क में पचास फीसदी की छूट दी जाएगी। वर्तमान में ऐसे दस्तावेजों पर संपत्ति के बाजार मूल्य के आधार पर 4 प्रतिशत की दर से पंजीयन शुल्क लिया जाता है। अब महिलाओं के नाम पर होने वाले रजिस्ट्री में पंजीयन शुल्क दो प्रतिशत लगेगा। महिलाओं के नाम संपत्ति पंजीयन को बढ़ावा देने के लिए यह एक दूरदर्शी और सकारात्मक पहल है। वर्ष 2024-25 में महिलाओं के नाम पर 82,755 दस्तावेजों का पंजीयन हुआ है।नए प्रावधान के लागू होने से अनुमानित रूप से करीब 200 करोड़ रुपये के राजस्व में कमी आ सकती है।राजस्व में कमी के बावजूद महिलाओं को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण है।इस निर्णय से महिलाओं के नाम पर संपत्ति पंजीयन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और समाज में उनकी आर्थिक भागीदारी मजबूत होगी।

## मेहसाणा साइबर क्राइम की बड़ी कामयाबी: लोन दिलाने के बहाने लाखों की ठगी करने वाला आदतन अपराधी ऋषभ पटवा पकड़ा गया

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**मेहसाणा।** मेहसाणा साइबर क्राइम पुलिस ने एक ऐसे शातिर ठग को पकड़ा है जो गुजरात समेत पूरे देश के भोले-भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर पैसे की ठगी कर रहा था। क्रेडिट कार्ड सेटलमेंट और सस्ते लोन दिलाने के बहाने लाखों रुपये हड़पने वाले आरोपी की गिरफ्तारी के बाद चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।




**फ्रॉड नेटवर्क:** 17 बैंक अकाउंट और 19 लाख की ठगी

पुलिस जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी ऋषभकुमार मुकेशभाई पटवा (मेहसाणा में रहने वाला) ने 11 अलग-अलग बैंकों में कुल 12 अकाउंट खोले थे। टेक्निकल एनालिसिस से पता चला कि • आरोपी के खिलाफ पूरे भारत में कुल 15 साइबर क्राइम की शिकायतें दर्ज हैं। ज़ वह अब तक साइबर फ्रॉड के ज़रिए करीब ?19,00,000 (उन्नीस लाख) की रकम हड़प चुका था। • जांच में पता चला कि वह 12 मेन अकाउंट के अलावा 5 दूसरे बैंक अकाउंट और 5 अलग-अलग मोबाइल नंबर का भी एक्टिवली इस्तेमाल कर रहा था।

### पुलिस को भी गुमराह करने का था प्लान!

इस मामले में सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि आरोपी ने पकड़े जाने से बचने और पैसे बचाने के लिए एक मास्टर प्लान बनाया था। उसने खुद को विक्टिम बताते हुए NCCRP पोर्टल पर झूठी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसके साथ ?77.52 लाख की ठगी हुई है। आरोपी का इरादा: झूठी शिकायत के ज़रिए साल 2023 से अब तक किए गए सभी ट्रांज़ैक्शन की रकम को फ्रीज़ करना और फिर कोर्ट का ऑर्डर लेकर कानूनी तौर पर यह रकम वापस लेना था।

## सैनिकों और पूर्व सैनिकों को स्टाम्प शुल्क में 25% छूट छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा फैसला, ?25 लाख तक की संपत्ति खरीद पर मिलेगा लाभ



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सरकार ने सेवारत सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं के सम्मान और कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने ?25 लाख तक की संपत्ति की रजिस्ट्री पर स्टाम्प शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में पंजीयन मंत्री श्री ओपी चौधरी की पहल पर विभाग द्वारा यह प्रस्ताव तैयार किया गया । अधिसूचना जारी होने पश्चात सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिको को मिलने वाली यह छूट प्रभावशील हो गई है।

अधिसूचना के अनुसार, सैनिकों एवं भूतपूर्व सैनिकों एवं दिवंगत होने पर उनके जीवन साथी को इस छूट की पात्रता केवल एक बार के लिए होगी। ?25 लाख तक की सीमा तक यह छूट मिलेगी । यदि संपत्ति का मूल्य इससे अधिक होता है, तो अतिरिक्त राशि पर नियमानुसार स्टाम्प शुल्क देय होगा। देश की सेवा करने वाले सैनिकों के योगदान को सम्मान देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील निर्णय है।

वर्तमान में अचल संपत्ति के क्रय-विक्रय विलेखों पर लगभग 5 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क देय होता है, अब इस नई व्यवस्था से पात्र हितग्राहियों को स्टाम्प शुल्क में राहत मिलेगी। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी जन्मभूमि से दूर रहकर सेवा करने वाले सैनिकों को आवास क्रय लागत में कमी की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।

अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि छूट का लाभ लेने के लिए छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। साथ ही, लाभ केवल एक बार ही लिया जा सकेगा, जिसके लिए शपथ पत्र देना होगा तथा संबंधित सैनिक/पूर्व सैनिक या विधवा होने के दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

# महा-टकराव: 'हटाना है तो हटा दो, जरूरत पड़ी तो इंटरनेशनल कोर्ट जाऊंगी

## ममता के कथित बयान से बंगाल की सियासत में भूचाल, टकराव पर बढ़ी चर्चा

महानगर मेट्रो ब्यूरो



**कोलकाता/नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर देश की सबसे बड़ी बहस बनती दिख रही है। चुनावी नतीजों के बाद राज्य में राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ रहा है और अब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एक कथित बयान ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। सत्ता के गलियारों में 'संवैधानिक टकराव' और केंद्र-राज्य संघर्ष की चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस की एक अहम अंदरूनी बैठक में ममता बनर्जी ने बेहद आक्रामक रुख अपनाते हुए कथित तौर पर कहा– अगर वे मुझे हटाना चाहते हैं तो हटा दो... अगर वे बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाना चाहते हैं तो लगा दो... जरूरत पड़ी तो मैं इंटरनेशनल कोर्ट तक जाऊंगी। 'इस कथित बयान के सामने आने के बाद बंगाल की राजनीति में नया भूचाल आ गया है। विपक्ष इसे लोकतांत्रिक संस्थाओं को चुनौती देने वाला बयान बता रहा है, जबकि TMC इसे केंद्र सरकार के खिलाफ राजनीतिक प्रतिरोध की आवाज करार दे रही है।

विपक्ष का हमला तेज विपक्षी दलों ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि बंगाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और सरकार संवैधानिक संस्थाओं से टकराव की राजनीति कर रही है। विपक्ष का कहना है कि इस तरह के बयान राज्य में अस्थिरता का माहौल पैदा कर सकते हैं।

TMC का पलटवार दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस पूरी मजबूती से अपनी नेता के समर्थन में उतर आई है। पार्टी नेताओं का कहना है कि बंगाल की जनता ने भारी जनादेश देकर ममता बनर्जी पर भरोसा जताया है और दिल्ली में बैठी ताकतों को उस जनादेश का सम्मान करना चाहिए।

### क्या बढ़ रहा है संवैधानिक संकट?

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 'इंटरनेशनल कोर्ट' तक जाने का जिक्र यह संकेत देता है कि ममता बनर्जी किसी भी राजनीतिक दबाव के आगे झुकने के मूड में नहीं हैं। हालांकि अब तक केंद्र सरकार या राजभवन की ओर से किसी संवैधानिक कार्रवाई का आधिकारिक संकेत नहीं मिला है, लेकिन बयान ने राजनीतिक अटकलों को जरूर हवा दे दी है।

अगर केंद्र और राज्य के बीच यह टकराव और बढ़ता है, तो इसका असर सिर्फ बंगाल तक सीमित नहीं रहेगा। इसका प्रभाव राष्ट्रीय राजनीति और आगामी चुनावी रणनीतियों पर भी पड़ सकता है।

ह्नअब पूरे देश की नजर बंगाल पर

बंगाल की सियासत को लेकर अब तीन बड़े सवाल सबसे ज्यादा चर्चा में हैं–

क्या आने वाले दिनों में केंद्र और राज्य के बीच टकराव और तेज होगा?

क्या राष्ट्रपति शासन को लेकर राजनीतिक बयानबाजी किसी बड़े कदम की ओर इशारा है?

या फिर यह सब केवल समर्थकों को एकजुट रखने और राजनीतिक दबाव बनाने की रणनीति है?

इन सवालों के बीच पश्चिम बंगाल एक बार फिर देश की सबसे बड़ी राजनीतिक रणभूमि बन चुका है। आने वाले दिन बंगाल ही नहीं, राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी बेहद अहम माने जा रहे हैं।

## अमेरिका के बड़े बैंक में भूचाल: एक भारतीय बैंकर ने 37 साल की महिला बॉस पर यौन शोषण और ड्रग्स देने के गंभीर आरोप लगाए

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**न्यूयॉर्क।** कॉर्पोरेट दुनिया में महिलाओं के शोषण की कहानियां अक्सर सामने आती रहती हैं, लेकिन अमेरिका के सबसे बड़े बैंक जेपी मॉर्गन चेस में इससे बिल्कुल उल्टा और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। भारतीय मूल के एक जूनियर बैंकर ने बैंक की 37 साल की महिला एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के खिलाफ यौन शोषण, ड्रग्स देने और नस्लभेदी कमेंट करने का सनसनीखेज मामला दर्ज कराया है। प्रमोशन छीनने की धमकी देकर किया शोषण पीड़ित बैंकर ने न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में इस बैंक की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर लोर्ना हाइडिनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप के मुताबिक, यह मानसिक उत्पीड़न मई 2024 में एक मामूली घटना से शुरू हुआ। इसके बाद महिला बॉस जूनियर के अपार्टमेंट में गई और उसे प्रमोशन और




नौकरी बचाने के लिए सेक्स करने के लिए मजबूर किया। अगर पीड़ित ने विरोध किया तो उसे जेपी मॉर्गन जैसे बड़े संगठन से निकालने की धमकी दी गई। 'ब्राउन इंडियन बॉय' कहकर नस्लभेदी बेइज्ज़ती

इस केस में सिर्फ़ फिजिकल अब्यूज़ ही नहीं, बल्कि गंभीर नस्लवाद भी शामिल है। महिला बॉस ने पीड़ित की पत्नी के बारे में बुरे शब्दों का इस्तेमाल किया था और उसे 'ब्राउन इंडियन बॉय' और 'करी' कहकर बेइज्ज़त किया था, क्योंकि वह इंडियन मूल का था। इतना ही नहीं, आरोपी महिला ने जूनियर को अपना 'बॉय टॉय' कहकर उसका मानसिक शोषण किया था। ड्रग्स देकर परान के साथ अफेयर करने का दावा सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि लोर्ना ने पीड़ित को रोहिप्नोल (डेट रेप ड्रग) नाम की ड्रग देकर बेहोश कर दिया था और उसी हालत में उसका फिजिकल अब्यूज़ किया था। इसके साथ ही, कोर्ट में यह दावा किया गया है कि महिला बॉस ने उसके पर्सनल बैंक अकाउंट पर भी गैर-कानूनी तरीके से नज़र रखी थी। इंसाफ मिलने के बजाय, नौकरी जाने की नौबत आ गई जब युवा पीड़ित ने मई 2025 में HR डिपार्टमेंट में शिकायत करने की हिम्मत की, तो इंसाफ मिलने के बजाय, उसे अनजान नंबरों से धमकियां मिलने लगीं। उसे अमेरिका से निकालने की धमकी दी गई और आखिर में बैंक ने उसे कंपल्सरी लीव पर भेज दिया। फिलहाल जेपी मॉर्गन बैंक ने इन सभी आरोपों से इनकार किया है,

## बरेली में हंगामा: फिटनेस सेंटर में महिला डॉक्टर के साथ घिनौना जुर्म, जिम मैनेजर और उसके भाई को जेल



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने कानून-व्यवस्था को हिलाकर रख दिया है। शहर के पॉश इलाके सिविल लाइंस में मौजूद एक फिटनेस सेंटर में महिला डॉक्टर के साथ सुनियोजित तरीके से गंभीर जुर्म किया गया है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस ने जिम मैनेजर और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

### कैबिनेट मंत्री के भाई के घर में चल रहा था जिम

इस मामले में सबसे बड़ी और चौंकाने वाली बात यह है कि जिस जगह यह जुर्म किया गया, वह जिम राज्य सरकार के ताकतवर कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के भाई के घर के ऊपरी फ्लोर पर चल रहा था।

• 10 साल से चल रहा था सेंटर: यह फिटनेस सेंटर पिछले एक दशक से चल रहा था और यहां हर दिन सैकड़ों लोग आते थे।

• सुनियोजित साजिश: पुलिस के मुताबिक, महिला डॉक्टर को टारगेट करके इस जुर्म की बहुत ही ठंडे दिमाग से योजना बनाई गई थी। पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया

घटना की सूचना मिलते ही बरेली पुलिस एक्शन मोड में आ गई। पीड़ित महिला डॉक्टर की शिकायत के आधार पर पुलिस ने तुरंत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

1. **गिरफ्तारी:** जिम मैनेजर और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया है।

2. **जांच:** पुलिस अभी जिम और दूसरे कर्मचारियों के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज से पूछताछ कर रही है ताकि पता चल सके कि इस साज़िश में कोई और तो शामिल नहीं है।

### लोगों में भारी गुस्सा

जब किसी सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में किसी प्रतिष्ठित पेशे से जुड़ी महिला डॉक्टर के साथ ऐसी घटना होती है, तो सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठते हैं। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी गुस्सा है और आरोपियों को सख्त से सख्त सज़ा देने की मांग की जा रही है।

चूंकि यह काम मंत्री के भाई के घर में चल रहा है, इसलिए अब विपक्ष भी सरकार पर हमला बोल रहा है। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल में डाल दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## गुजरात बॉर्डर पर पोल्ट्री की 'मौत का खतरा': 2 लाख से ज़्यादा पोल्ट्री क्यों मारी गईं? बर्ड फ्लू के डर के बीच बड़ा ऑपरेशन

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**नवसारी/वलसाड।** गुजरात के दक्षिणी बॉर्डर पर पोल्ट्री फार्म में पिछले कुछ दिनों से बहुत अफरा-तफरी मची हुई है। हाल की रिपोर्ट्स के मुताबिक, गुजरात-महाराष्ट्र बॉर्डर के पास के इलाकों में साइंटिफिक तरीकों से लगभग दो लाख पोल्ट्री को मारा गया है। इस बड़े कदम के पीछे मुख्य वजह 'बर्ड फ्लू' सामने आई है।



इतना सख्त फैसला क्यों लिया गया?

बॉर्डर इलाकों में अचानक बड़ी संख्या में पोल्ट्री के मरने के बाद एनिमल हस्बैंड्री डिपार्टमेंट हरकत में आया। जांच में ये वजहें सामने आईं:

• **बर्ड फ्लू का खतरा:** लैब टेस्ट में पोल्ट्री में एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस के पॉजिटिव लक्षण मिले। यह फैसला इस वायरस को दूसरे पक्षियों में फैलने से रोकने के लिए लिया गया है क्योंकि यह बहुत ज़्यादा फैलने वाला है।

• **इंसानों की सुरक्षा:** बर्ड फ्लू के कुछ वेरिएंट पक्षियों से इंसानों में भी फैल सकते हैं, जो जानलेवा साबित हो सकते हैं। लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इन्फेक्टेड एरिया के 1 से 9 द्वद्व के दायरे में सभी पोल्ट्री को नष्ट करने का आदेश दिया था।


• **वायरस को फैलने से रोकना:** अगर इन पोल्ट्री को ज़िंदा रखा जाता या बाज़ार में बेचा जाता, तो वे पूरे राज्य में यह महामारी फैला सकते थे।

ऑपरेशन 'किलिंग': इसे कैसे अंजाम दिया गया? पशुपालन विभाग की टीमों ने PPE किट पहनकर इन पोल्ट्री को पकड़ा और उन्हें गैस या इंजेक्शन से बेहोश करने के बाद एक गहरे में दबा दिया गया। इस दौरान पूरे एरिया को सैनिटाइज़ किया गया। पोल्ट्री इंडस्ट्री को बड़ा झटका एक साथ दो लाख पोल्ट्री के नष्ट होने से पशुपालकों और पोल्ट्री फार्म मालिकों को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है।

हालांकि, सरकार ने नियमानुसार मुआवजा देने का भरोसा दिया है। फिलहाल, बॉर्डर चेक पोस्ट पर दूसरे राज्यों से आने वाली पोल्ट्री और बत्तखों के ट्रांसपोर्ट पर भी कड़ी नज़र रखी जा रही है।

## 'अघोरी पूजा' और इलाज के बहाने 13 साल की नाबालिग से खौफनाक दरिंदगी, श्मशान घाट में दिया वारदात को अंजाम

महानगर मेट्रो ब्यूरो



**डहाणू।** इलाके में अंधविश्वास और तंत्र-मंत्र की आड़ में एक बेहद खौफनाक और इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 13 साल की मासूम बच्ची को 'अघोरी पूजा' और इलाज का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया है। इस घटना के सामने आने के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और लोगों में भारी आक्रोश है। बीमारी ठीक करने का दिया था झांसा प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 वर्षीय नाबालिग पीड़िता पिछले कुछ समय से मासिक धर्म (पीरियड्स) से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान थी। इसी परेशानी के चलते वह 30 अप्रैल को डहाणू के रहने वाले शिवराम पराश सावर नामक शख्स के संपर्क में आई। आरोपी शिवराम ने मासूम बच्ची और उसके परिजनों को यह भरोसा दिलाया कि वह अपनी खास जड़ी-बूटियों (दवा) और तांत्रिक क्रियाओं से उसकी यह बीमारी पूरी तरह जड़ से खत्म कर देगा। आधी रात को श्मशान घाट में रची खौफनाक साजिश अंधविश्वास के इस खौफनाक खेल का असली चेहरा 4 मई की आधी रात को सामने आया। आरोपी ने अपनी साजिश के तहत नाबालिग पीड़िता को डहाणू के कासा के पास चारी पवन इलाके में स्थित श्मशान घाट पर बुलाया। जब पीड़िता वहां पहुंची, तो उसके साथ आए लोगों को चालाकी से गाड़ी में ही बाहर रोक दिया गया। इसके बाद आरोपी तांत्रिक नाबालिग को अकेले श्मशान घाट से लगे जंगल वाले सुनसान इलाके में ले गया। वहां उसने अघोरी पूजा और इलाज के नाम पर डरा-धमका कर इस खौफनाक जुर्म को अंजाम दिया। जान से मारने की दी धमकी, खौफ में थी पीड़िता वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शिवराम ने मासूम बच्ची को धमकाया कि यदि उसने इस घटना के बारे में किसी को भी बताया, तो वह उसे जान से मार देगा। इस खौफनाक वारदात और आरोपी की धमकियों के कारण नाबालिग पूरी तरह सहम गई और काफी समय तक डर के मारे खामोश रही।

### इलाके में भारी उबाल, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

जैसे ही इस घिनौनी वारदात का सच स्थानीय लोगों और परिजनों के सामने आया, तो पूरे इलाके में गुस्से की लहर दौड़ गई। लोग अंधविश्वास के नाम पर मासूमों की जिंदगी बर्बाद करने वाले ऐसे पाखंडियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आ गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच की जा रही है। इलाके के लोगों की मांग है कि ऐसे अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजकर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लग सके।



महानगर मेट्रो
www.mahanagarmetro.com



## 70 की उम्र में 20 साल की लड़की से चौथा निकाह, 11 बच्चे और मेहर की प्रॉपर्टी... हाजी खलील की ऐसी करस्तानी



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**गाजियाबाद।** के कैला भट्ठा इलाके में इन दिनों एक परिवार का विवाद चर्चा का विषय बना हुआ है. मामला समाजवादी पार्टी के पूर्व पार्षद हाजी खलील से जुड़ा है, जिन पर उनकी दूसरी पत्नी ने गंभीर आरोप लगाए हैं. 70 साल की उम्र में 20 वर्षीय युवती से चौथा निकाह करने के बाद परिवार के भीतर शुरू हुआ विवाद अब पुलिस कमिश्नर कार्यालय तक पहुंच गया है. दूसरी पत्नी नाजरीन ने हाजी खलील पर उत्पीड़न, धोखाधड़ी, संपत्ति कब्जाने की कोशिश और जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप लगाए हैं.

पूर्व पार्षद हाजी खलील की दूसरी पत्नी नाजरीन अपने बेटे के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचीं. वहां उन्होंने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त को शिकायत पत्र सौंपकर सुरक्षा की मांग की. नाजरीन का आरोप है

कि जिस संपत्ति पर वह लंबे समय से रह रही हैं, उस पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है. उन्होंने कहा कि यह संपत्ति उन्हें मेहर में मिली थी और अब नई शादी के बाद उन्हें घर से हटाने का दबाव बनाया जा रहा है. महिला का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें और उनके बेटे को धमकियां दी जा रही हैं.

### निकाह के समय नहीं बताया था पहली शादी

नाजरीन ने शिकायत में बताया कि उनका निकाह वर्ष 1991 में हाजी खलील से हुआ था. लेकिन उस समय उन्हें यह जानकारी नहीं दी गई थी कि खलील पहले से शादीशुदा हैं. उनके मुताबिक, पहली पत्नी से हाजी खलील के आठ बच्चे हैं. नाजरीन से भी उनके तीन बच्चे हुए,

जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं. महिला का कहना है कि उन्हें लंबे समय तक यह भरोसा दिलाया गया कि परिवार सामान्य तरीके से चल रहा है, लेकिन समय के साथ विवाद बढ़ता चला गया. तीसरी शादी और फिर तलाक नाजरीन के मुताबिक, वर्ष 2010 में हाजी खलील ने तीसरा निकाह किया था.

## राम मंदिर से राष्ट्रपति भवन तक: हर बड़े लैंडमार्क पर लगेगी 'मेड इन स्वक' वैदिक घड़ी, सोशल मीडिया पर भी मचाया धमाल




महानगर मेट्रो ब्यूरो

भोपाल। काशी विश्वनाथ मंदिर में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा भेंट की गई विक्रमादित्य वैदिक घड़ी की सफलता के बाद, अब केंद्र और राज्य सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब देश के सभी प्रमुख मंदिरों और सरकारी लैंडमार्क्स पर दुनिया की पहली ऐसी घड़ी लगाई जाएगी, जो पारंपरिक भारतीय समय की गणना करेगी।

### अयोध्या से लेकर PMO तक पहुंचेगी वैदिक घड़ी

मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी ने बताया कि इस योजना का खाका तैयार हो चुका है। पहले चरण में देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों में ये घड़ियां लगाई जाएंगी। काशी के बाद अब अगला नंबर गुजरात के सोमनाथ मंदिर और फिर उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर का है। इसके बाद अयोध्या के राम मंदिर समेत देश के बड़े मंदिरों, संसद भवन, राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री कार्यालय में भी ये घड़ियां समय बताएंगी।

क्या है इस घड़ी की खासियत?

यह घड़ी दुनिया के सामान्य 24 घंटे वाले सिस्टम से बिल्कुल अलग है। इसमें दिन की शुरुआत रात के 12 बजे से नहीं, बल्कि सूर्योदय से होती है। **30 मुहूर्त:** पूरे दिन को 24 घंटों के बजाय 30 मुहूर्तों में बांटा गया है। हर मुहूर्त लगभग 48 मिनट का होता है।

लोकल मीन टाइम यह घड़ी सूर्य की स्थिति के आधार पर सटीक स्थानीय समय बताती है।

डिजिटल पंचांग: समय के साथ-साथ इसमें तिथि, नक्षत्र, त्यौहार, ग्रहण और चंद्रमा की कलाओं की जानकारी भी मिलती है।

ग्लोबल कनेक्ट: संदर्भ के लिए इसमें भारतीय मानक समय और ग्रीनविच मीन टाइम भी डिस्प्ले होता है।

### सोशल मीडिया पर विक्रम का जलवा

29 अप्रैल को पीएम मोदी की काशी यात्रा के दौरान इस घड़ी की तस्वीरों ने इंटरनेट पर धूम मचा दी थी। माइक्रोब्लॉगिंग साइट X पर #Vikramotsav_Varanasi टॉप ट्रेंड में रहा। अधिकारियों के मुताबिक, वैदिक घड़ी से जुड़े हैशटैग्स को करोड़ों व्यूज मिले, जो दर्शाता है कि आज की युवा पीढ़ी भी अपनी सनातन संस्कृति और प्राचीन समय गणना प्रणाली को लेकर काफी उत्सुक है। मध्य प्रदेश की देन है यह अनूठी तकनीक इस वैदिक घड़ी का डिजाइन और विकास पूरी तरह से मध्य प्रदेश में हुआ है। फिलहाल ऐसी घड़ियां उज्जैन शहर, भोपाल में मुख्यमंत्री आवास और वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में काम कर रही हैं। सरकार का लक्ष्य है कि भारत का समय-धरती का समय थीम के साथ इस प्राचीन भारतीय ज्ञान को घर-घर तक पहुंचाया जाए।




## घर से दूर होटल में चल रही थी डॉक्टर साहब की आशिकी, रूम का नजारा देखकर पत्नी का सनका माथा, मचाया बवाल

### पत्नी और उसके परिवार के लोगों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**मंदसौर।** शहर के नाहटा चौराहा स्थित समता होटल में बुधवार रात उस वक्त हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला, जब एक पत्नी ने अपने डॉक्टर पति को दूसरी महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। शामगढ़ में प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टर अपनी कथित प्रेमिका के साथ होटल के कमरे में मौजूद थे, तभी पत्नी ने परिजनों के साथ वहां दबिश दे दी। इसके बाद कमरे के भीतर ही काफी देर तक हंगामा चलता रहा।

### दरवाजा खटखटाया तो मचा बवाल

जानकारी के अनुसार शामगढ़ निवासी डॉक्टर जुलफिकार बुधवार को मंदसौर आए थे। वे यहां नाहटा चौराहे के पास स्थित समता होटल के एक कमरे में अपनी प्रेमिका के साथ ठहरे हुए थे। डॉक्टर को लगा था कि वह शामगढ़ से दूर मंदसौर में सुरक्षित है और किसी को उसकी भनक नहीं लगेगी। लेकिन उसकी पत्नी को पति की इस हरकत



की जानकारी पहले ही मिल चुकी थी। बुधवार रात करीब 9 बजे पत्नी अपने कुछ रिश्तेदारों और परिवार के लोगों के साथ अचानक होटल पहुंच गई।

### कमरे का नजारा देख उड़ गए होश

होटल पहुंचने के बाद पत्नी सीधे उस कमरे तक जा पहुंची जहां डॉक्टर रुका हुआ था। जैसे ही कमरा खुला, अंदर का नजारा देख पत्नी का गुस्सा फूट पड़ा। डॉक्टर अपनी प्रेमिका के साथ वहां मौजूद था। पति को किसी और महिला के साथ देख पत्नी ने वहीं उसकी क्लास लगाना शुरू कर दी। होटल के कमरे में काफी देर तक चीख-पुकार और बहस होती रही। शोर सुनकर होटल स्टाफ और आसपास के लोग भी जमा हो गए। बर्थडे के नाम पर निकला था डॉक्टर डॉक्टर अपनी प्रेमिका के साथ घर से दूर आकर होटल में ठहरा पत्नी को खबर मिली तो वह परिजनों के साथ पहुंच गई होटल होटल में पत्नी ने शुरू कर दी प्रेमिका की पिटाई

### इस दौरान होटल में जमकर मचा बवाल

होटल में मची खलबली रात के वक्त अचानक हुए इस हंगामे से होटल में हड़कंप मच गया। होटल में ठहरे अन्य मुसाफिर भी अपने कमरों से बाहर निकल आए। पत्नी का आरोप था कि डॉक्टर उसे धोखे में रखकर लंबे समय से इस महिला से मिल रहा है। विवाद इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई। परिजनों ने भी डॉक्टर को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

## आरोपी पुलिस पर फायरिंग कर भागने की कोशिश कर रहे थे. इस दौरान जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी.

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी में भैंस चोरी करने वाले गिरोह की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई. इस दौरान पांच आरोपियों को पकड़ा गया है. दो आरोपी पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली लगने से घायल हो गए. वहीं मौके से चोरी की पांच भैंसें, तमंचे, कारतूस और चोरी में इस्तेमाल किया गया पिकअप वाहन बरामद किया गया है. मंझनपुर थाना क्षेत्र के बंधवा रजबर गांव निवासी संतोष कुमार और भेलखा गांव निवासी अर्जुन कुमार ने पुलिस से शिकायत की थी कि 29 और 30 अप्रैल की रात अज्ञात चोर उनकी भैंसें चोरी कर



पिकअप वाहन से फरार हो गए. लगातार हो रही पशु चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसपी सत्यनारायण ने मामले के खुलासे के लिए मंझनपुर थाना पुलिस और सर्विलांस टीम को लगाया था. इसी बीच पुलिस टीम को सूचना मिली कि भैंस चोरी में शामिल आरोपी पतौना पुल की तरफ से गुजरने वाले हैं. सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी. पुलिस ने वाहन रोकने का इशारा किया, लेकिन आरोपियों ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और भागने की कोशिश की. इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की. मुठभेड़ के दौरान दिलशाद और राज उर्फ भोला कलीम के पैर में गोली लग गई, जिससे दोनों घायल हो गए. पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में दिलशाद, राज उर्फ भोला कलीम, भोला, जवील और सलमान अहमद शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो तमंचा 315 बोर, चार खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, 10 हजार 300 रुपये कैश, चोरी में इस्तेमाल किया गया

पिकअप वाहन और उसमें लदी पांच चोरी की भैंसें बरामद की हैं. पूछताछ में आरोपियों ने कई खुलासे किए हैं. पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने कबूल किया है कि उन्होंने 29-30 अप्रैल की रात बंधवा रजबर और भेलखा गांव से भैंस चोरी की थी. इसके अलावा 24 मार्च को थाना कौशांबी क्षेत्र के गुरौली गांव से भी एक भैंस और उसके बच्चे की चोरी की थी. डीएसपी सदर शिवांक सिंह ने बताया कि आरोपी चोरी की भैंसों को दूसरे जिलों में बेच देते थे और उससे मिलने वाली रकम आपस में बांट लेते थे.

## संदिग्ध आतंकी कृष्णा मिश्रा का गोरखपुर से क्या है कनेक्शन? ATS खंगाल रही नेटवर्क, एजेंसियां भी जांच में जुटीं

### वह पिछले कई महीनों से शाहपुर थाना क्षेत्र के कौवाबाग इलाके में किराए के मकान में रह रहा था।

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड द्वारा इंटरनेट मीडिया के जरिए संचालित आतंकी मॉड्यूल के खुलासे के बाद गोरखपुर भी जांच एजेंसियों के रडार पर आ गया है। कुशीनगर निवासी संदिग्ध आतंकी कृष्णा मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद अब ATS, खुफिया एजेंसियां और स्थानीय पुलिस उसके गोरखपुर कनेक्शन की गहराई से पड़ताल कर रही हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि 20 वर्षीय कृष्णा मिश्रा पिछले कई महीनों से शाहपुर थाना क्षेत्र के कौवाबाग इलाके में किराए के मकान में रह रहा था। उसकी गिरफ्तारी के बाद इलाके में हलचल बढ़ गई है और एजेंसियां यह जानने में जुटी हैं कि आखिर वह किन लोगों के संपर्क में था और शहर में रहते हुए क्या गतिविधियां संचालित कर रहा था। कौवाबाग इलाके से ञ्रस ने लिया हिरासत में जानकारी के मुताबिक कृष्णा मिश्रा कुशीनगर जिले के जटहाबाजार थाना क्षेत्र के हरपुर गांव का रहने वाला है। मंगलवार को यूपी



ञ्रस ने इंटरनेट मीडिया के जरिए संचालित एक संदिग्ध आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए उसे हिरासत में लिया। सूत्रों के अनुसार कृष्णा को गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र स्थित कौवाबाग इलाके से उठाया गया। गिरफ्तारी के बाद स्थानीय पुलिस भी सक्रिय हो गई है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर उसकी गतिविधियों और दिनचर्या की जानकारी जुटाई जा रही है। स्थानीय लोग बोले- शांत रहता था कौवाबाग इलाके में रहने वाले लोगों का कहना है कि कृष्णा मिश्रा काफी शांत स्वभाव का था और ज्यादा किसी से बातचीत नहीं करता था। पड़ोसियों के मुताबिक वह ज्यादातर अपने कमरे में ही रहता था और उसकी गतिविधियां सामान्य नजर आती थीं। हालांकि जांच एजेंसियों को आशंका है कि वह इंटरनेट मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए कुछ संदिग्ध लोगों के संपर्क में था। यही वजह है कि अब उसके स्थानीय संपर्कों और ऑनलाइन गतिविधियों को खंगाला जा रहा है। मोबाइल, कॉल डिटेल और सोशल मीडिया की जांच ATS और खुफिया एजेंसियां कृष्णा मिश्रा के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) और सोशल मीडिया अकाउंट्स की गहराई से जांच कर रही हैं। सूत्रों के अनुसार जिन नंबरों और लोगों से उसकी लगातार बातचीत होती थी, उन्हें भी निगरानी में लिया गया है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि गोरखपुर में रहते हुए उसने किन लोगों से संपर्क बनाए और कहीं कोई स्थानीय नेटवर्क तो विकसित नहीं किया। कुछ संदिग्ध संपर्क सूत्रों की पहचान कर उनकी गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है।

### मकान मालिक और आसपास के लोगों से पूछताछ

एजेंसियां कृष्णा मिश्रा के मकान मालिक और आसपास रहने वाले लोगों से भी पूछताछ कर रही हैं। हालांकि अभी तक ATS ने स्थानीय पुलिस के साथ उसकी गतिविधियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। फिलहाल जांच का फोकस उसकी दिनचर्या, आने-जाने वालों और डिजिटल गतिविधियों पर है।

## सिर पटकने लगी गाय, टेंशन में आए अधिकारी, 250 लोगों को लगाना पड़ा इंजेक्शन

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**छिंदवाड़ा।** जिले में एक शादी समारोह के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया. गांव में बारातियों और स्थानीय लोगों को उस गाय के दूध से बनी छाछ परोसी गई थी, जिसमें बाद में रेबीज़ जैसे लक्षण दिखाई दिए. मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने तुरंत गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाकर लोगों को एहतियातन एंटी रेबीज़ वैक्सीन लगानी शुरू कर दी.

### कुत्ते ने काट लिया था गाय को

जानकारी के मुताबिक, गांव में एक दिन पहले शादी समारोह आयोजित हुआ था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भोजन के साथ छाछ का सेवन किया. अगले ही दिन गाय की अचानक तबीयत बिगड़ गई. जांच में पता चला कि कुछ समय पहले उस गाय को एक कुत्ते ने काट लिया था. इसके बाद गांव वालों में डर का माहौल बन गया. गाय की जांच करने



पहुंचे पशु चिकित्सक डॉ. लोकेश बेलवंशी ने बताया कि गाय में रेबीज से मिलते-जुलते कई लक्षण दिखाई दे रहे हैं. उन्होंने बताया कि गाय लगातार लार गिरा रही थी, असामान्य रूप से गुस्सैल व्यवहार कर रही थी और सिर पटक रही थी. पशु चिकित्सक के अनुसार ये सभी लक्षण रेबीज़ संक्रमण की ओर संकेत करते हैं.

### 250 लोगों को लगाए गए इंजेक्शन

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम तुरंत गांव पहुंची. बीएमओ डॉ. पुष्पारानी सिंह ने बताया कि जिन लोगों ने बीमार गाय के दूध से बने दही और छाछ का

सेवन किया था, उन्हें सावधानी के तौर पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जा रही है. उन्होंने कहा कि अब तक करीब 250 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है. स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार शादी में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में मेहमान शामिल हुए थे. ऐसे में प्रशासन उन सभी लोगों की पहचान कर उनसे संपर्क करने की कोशिश कर रहा है, जिन्होंने समारोह में भोजन किया था. स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार गांव में मौजूद हैं और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है.

## मेरठ में रिटायर्ड अफसर की करतूत: 4 महीने तक बेटी की लाश के साथ घर में रहा, बदबू छिपाने के लिए छिड़कता था परफ्यूम



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**मेरठ।** के सदर बाजार थाना क्षेत्र के तेली मोहल्ला निवासी 72 वर्षीय उदयभानु विश्वास को अपनी बेटी का शव घर में छिपाकर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. उदयभानु ने 35 वर्षीय प्रियंका की 1 दिसंबर 2025 को बीमारी से हुई मौत के बाद उसका अंतिम संस्कार नहीं किया और शव को एक कमरे में बंद कर दिया. पड़ोसियों द्वारा घर से तेज दुर्गंध आने की शिकायत पर अप्रैल में पुलिस ने छापा मारकर कंकाल बन चुका शव बरामद किया. पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बुधवार को आरोपी पिता को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया.

### परफ्यूम से दबाता रहा मौत की गंध

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि प्रियंका की मौत के बाद उदयभानु कई दिनों तक उसी घर में शव के साथ रहा. घर से आने वाली सड़ांध को दबाने के लिए वह कथित तौर पर परफ्यूम और इत्र का इस्तेमाल करता था ताकि किसी को शक न हो.

हालांकि, समय बीतने के साथ दुर्गंध इतनी बढ़ गई कि मोहल्ले के लोगों का रहना मुहाल हो गया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. 10 अप्रैल को जब पुलिस अंदर पहुंची, तो कमरे का नजारा देखकर दंग रह गई.

### रिटायर्ड अफसर की चौंकाने वाली करतूत

पुलिस के मुताबिक, आरोपी उदयभानु विश्वास मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और शिक्षा विभाग से प्रशासनिक अधिकारी के पद से रिटायर्ड है. एक पढ़े-लिखे और जिम्मेदार पद पर रहे व्यक्ति द्वारा अपनी ही बेटी के शव के साथ ऐसा व्यवहार करना हर किसी को हैरान कर रहा है. पुलिस इस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है कि आखिर उसने ऐसा क्यों किया.

## कानपुर: हूटर बजाती स्कॉर्पियो रोकी तो महिला दारोगा को दांत से काटा, दो बहनें गिरफ्तार



महानगर मेट्रो ब्यूरो

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में हूटर बजाती स्कॉर्पियो को रोकना पुलिस के लिए मुसीबत का सबब बन गया. चेकिंग के दौरान वाहन रोकने पर स्कॉर्पियो सवार दो सगी बहनों ने जमकर हंगामा किया. पुलिस ने दोनों पर महिला दारोगा से अभद्रता और धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया है. जानकारी के मुताबिक, बीते दिन स्थानीय पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी. इसी दौरान हूटर लगी एक स्कॉर्पियो को रोककर उसके दस्तावेज मांगे गए. आरोप है कि इस बात को लेकर गाड़ी में मौजूद दोनों बहनें नाराज हो गईं और पुलिसकर्मियों से बहस शुरू कर दी. इस पर पुलिस स्कॉर्पियो को थाने ले आई और नियमों के उल्लंघन में वाहन सीज कर दिया. इसके बाद दोनों बहनें थाने पहुंचीं, जहां काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा. आरोप है कि हंगामे के दौरान एक महिला दारोगा के हाथ में दांत से काट लिया गया और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की भी की गई.

### 40 साल बाद हॉस्पिटल में बिछड़े परिवार का भावुक मिलन

करीब आधे घंटे तक चले विवाद के बाद पुलिस ने दोनों महिलाओं को हिरासत में ले लिया. उनके खिलाफ शांतिभंग समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की गई है. पुलिस का कहना है कि तेज आवाज में हूटर बजाना यातायात नियमों का उल्लंघन है. वहीं, थाने में हंगामा और पुलिसकर्मियों से अभद्रता किए जाने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है. फिलहाल, ये घटना इलाके में चर्चा का विषय है.

## प्यासे छपरी गांव का 'मसीहा' बना यह बुजुर्ग दंपत्ति, सरकारी नल सूखे तो खुद के बोरवेल से पिला रहे पानी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

**भोपाल।** जिले के फंदा ब्लॉक की छपरी पंचायत में इन दिनों हाहाकार मचा है। करीब 2000 की आबादी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रही है। विडंबना देखिए कि जहां सरकारी बोरवेल सूख चुके हैं और केरवा पाइपलाइन प्रोजेक्ट अपनी डेडलाइन मिस कर चुका है, वहीं एक बुजुर्ग दंपत्ति की दरियादिली ग्रामीणों की जान बचा रही है।

### बुढ़ापे में समाज सेवा की मिसाल

छपरी गांव में रहने वाले दुलारी शर्मा और उनके पति शील सागर शर्मा एक आटा चक्की चलाते हैं। बढ़ते बिजली बिल की परवाह किए बिना यह दंपत्ति अपने निजी बोरवेल से पूरे गांव को मुफ्त में पानी बांट रहा है। पानी से ज्यादा जरूरी कुछ नहीं है, लेकिन हमारे यहां यह एक लग्जरी बन गया है। हमने खुद पानी के लिए बहुत संघर्ष किया है, इसलिए जब हमने अपना बोरवेल लगवाया तो तय



किया कि किसी से पैसे नहीं लेंगे। यह समाज की सेवा है। शील सागर शर्मा (ग्रामीण)

### रातीबड़ से अलग होते ही गहराया संकट

ग्रामीणों का कहना है कि संकट तब और बढ़ गया जब छपरी को रातीबड़ पंचायत से अलग कर दिया गया। अलग होते ही रातीबड़ से होने वाली पानी की सप्लाई बंद हो गई और गांव के स्थानीय बोरवेल भी सूख गए। हालात इतने खराब हैं कि ग्रामीण हेमंत शर्मा ने 650 फीट गहरा खुदवाया, लेकिन पानी की एक बूंद नहीं निकली। लोग अब 2-3 लाख रुपये खर्च करने से डर रहे हैं क्योंकि पानी मिलने की कोई गारंटी नहीं है।

### सरकारी वादे और फेल होती डेडलाइन

30 किलोमीटर लंबी केरवा पाइपलाइन का काम पिछले दो साल से चल रहा है। पहले इसकी डेडलाइन 15 अप्रैल रखी गई थी, जिसे बढ़ाकर 30 अप्रैल किया गया, लेकिन काम अब भी अधूरा है। ग्रामीण संतोष राय का कहना है कि वोट तो बुनियादी सुविधाओं के लिए देते हैं, लेकिन योजनाएं हम तक नहीं पहुंचतीं। गांव की दुर्गा ठाकुर को आज भी रोजाना 8-10 डिब्बे पानी भरने के लिए नेहरू नगर या पिपलेश्वर महादेव मंदिर जाना पड़ता है। सरपंच अनिल शर्मा का कहना है कि रातीबड़ से अलग होने के बाद उन्होंने कई बार विधायक और अधिकारियों के दरवाजे खटखटाए, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। वहीं, जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने उम्मीद जताई है कि पाइपलाइन का काम लगभग पूरा है

## साल 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 केस दर्ज
### तमिलनाडु में 2023 की तुलना में 1.5% कम क्राइम



महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली। रिपोर्ट बताती है कि 2024 में मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामले में शीर्ष पर रही है। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में 13,366 थे। तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ अपराध घटे हैं। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 4,41,534 मामले दर्ज हुए, जो 2023 से 1.5' कम थे। सबसे अधिक 27.2' मामले पति के क्रूरता और अपहरण से संबंधित थे।

### दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ अपराध बढ़ा

दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ 1,267 अपराध दर्ज किए गए। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों की दर प्रति लाख आबादी पर 110 मामले रही, जो केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा दरों में से एक रही। मध्य प्रदेश सबसे ऊपर रहा, जहां 2024 में 5,875 मामले दर्ज किए गए, यह संख्या 2023 के 5,738 मामलों से ज्यादा है। दूसरी तरफ, देश में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2024 में कुल 32,602 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 के मुकाबले 16.9' ज्यादा हैं।

### देश में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 1.5% की गिरावट

महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी 1.5' की गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के खिलाफ अपराध का रेट 2023 में 66.2 से घटकर 2024 में 64.6 हो गया। 2024 में ऐसे 4.41 लाख केस दर्ज हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 4.48 लाख थी। अनुसूचित जाति के खिलाफ अपराधों में भी 3.6' की कमी आई। 2024 में 55,698 केस दर्ज हुए, जबकि 2023 में यह संख्या 57,789 थी। अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अपराधों में 23.1' की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। 2024 में ऐसे 9,966 मामले सामने आए, जबकि 2023 में 12,960 केस दर्ज हुए थे। 'हर्ट' यानी चोट से जुड़े मामलों में सबसे ज्यादा गिरावट देखी गई। ये केस 2023 में 6.36 लाख से घटकर 2024 में 4.41 लाख रह गए, यानी 30.58' की कमी आई।

### देश भर में कुल अपराध 6% घटे

एनसीआरबी के मुताबिक, देश में कुल अपराध 6' घट गए हैं। 2024 में 58.85 लाख अपराध दर्ज किए गए, जबकि 2023 में 62.41 लाख मामले दर्ज किए गए थे। अपराध दर (प्रति लाख आबादी पर दर्ज मामले) भी एक साल में 448.3 से घटकर 418.9 रह गई। अपराध सुलझाने के केस में पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल सबसे आगे रहे।

### साइबर क्राइमः मेट्रो शहरों में बेंगलुरु सबसे आगे

2024 में 1 लाख से ज्यादा साइबर क्राइम दर्ज, 17.9' बढ़ोतरी
देश में 2024 के दौरान कुल 1,01,928 साइबर क्राइम मामले दर्ज किए गए। 2023 के 86,420 मामलों के मुकाबले 17.9' ज्यादा हैं।
देश में साइबर क्राइम की दर 2023 में 6.2 से बढ़कर 2024 में 7.3 हो गई। दिलचस्प यह है कि दिल्ली से कम आबादी वाले गाजियाबाद में 2024 में 479 साइबर क्राइम मामले दर्ज हुए, जबकि दिल्ली में थोड़ा ज्यादा यानी 404 केस दर्ज किए गए। मेट्रो शहरों में 2024 में साइबर अपराध के मामलों में बेंगलुरु सबसे ऊपर रहा। 17,561 मामले दर्ज किए गए। मेट्रो शहरों में बेंगलुरु के बाद मुंबई दूसरे स्थान पर रहा। मुंबई में 4,939 मामले दर्ज हुए। हैदराबाद में 4,009 मामले दर्ज किए गए।

## तरबूज खाने से 4 लोगों की मौत मामले में आया अपडेट, रिपोर्ट में नहीं मिला बैक्टीरिया



महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुंबई। में तरबूज खाने के बाद चार लोगों की मौत के मामले में जांच जारी है. माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट में मृतकों के शरीर में किसी भी प्रकार का बैक्टीरियल संक्रमण नहीं मिलने की बात सामने आई है. यह रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी गई है, जबकि मौत के असली कारण का खुलासा अब फॉरेंसिक साइंस लैब की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा.
दरअसल, यह मामला मुंबई के इस्माइल कुर्ते रोड स्थित घारी मोहल्ला में रहने वाले डोकाडिया परिवार से जुड़ा है.
25 अप्रैल की रात परिवार ने रिश्तेदारों के साथ एक गेट-टुगेदर रखा था. रिश्तेदारों के जाने के बाद 26 अप्रैल की रात करीब 1 बजे अब्दुल्ला डोकाडिया (40), उनकी पत्नी नसरिन (35) और बेटियां आयशा (16) व जैनब (13) ने तरबूज खाया.
इसके कुछ ही घंटों बाद सभी की तबीयत अचानक बिगड़ गई. तड़के उन्हें तेज उल्टी और दस्त शुरू हो गए, जिसके बाद परिवार को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया. वहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें सरकारी जेजे अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान चारों की मौत हो गई.

### जांच के लिए जुटाए गए नमूने

घटना के बाद मुंबई पुलिस, फॉरेंसिक विशेषज्ञों और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) की टीम ने परिवार के घर का दौरा किया. जांच के दौरान परिवार के आखिरी भोजन से जुड़े सभी खाद्य पदार्थों के नमूने इकट्ठा किए गए. इन नमूनों में चिकन पुलाव, तरबूज,
पानी और अन्य खाद्य सामग्री शामिल थी. सभी नमूनों को जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब भेजा गया.
पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के विसरा को भी रासायनिक विश्लेषण के लिए सुरक्षित रखा गया. अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके.

### माइक्रोबायोलॉजी रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

सरकारी जेजे अस्पताल के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट पुलिस को सौंप दी है.
रिपोर्ट के मुताबिक अब तक मृतकों के शरीर में किसी भी प्रकार का बैक्टीरियल संक्रमण नहीं पाया गया है और उनके खून में भी कोई बैक्टीरिया नहीं मिला.
अधिकारियों ने बताया कि मौत का सटीक कारण फॉरेंसिक साइंस लैब की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा.
यह रिपोर्ट यह भी बताएगी कि परिवार ने जिस भोजन का सेवन किया, उसमें किसी तरह का जहरीला पदार्थ मौजूद था या नहीं.
फिलहाल जांच जारी है और सभी की नजर अंतिम रिपोर्ट पर टिकी हुई है.

# इस्तीफा देने के बावजूद जस्टिस यशवंत वर्मा हाईकोर्ट जज बने हुए हैं

महानगर मेट्रो ब्यूरो



नई दिल्ली। ऐसा लगता है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस यशवंत वर्मा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। ऐसा इसलिए करीब एक महीने पहले इस्तीफा देने के बावजूद जस्टिस वर्मा हाई कोर्ट के जज बने हुए हैं। हाईकोर्ट के आधिकारिक पोर्टल पर जजों की सूची में उनका नाम चौथे नंबर पर है, और उनसे पहले जस्टिस एमसी त्रिपाठी, अरिंदम सिन्हा और रंजन रॉय के नाम हैं। ऐसा इसलिए है, क्योंकि जाहिर तौर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अभी तक हाईकोर्ट जज के पद से जस्टिस वर्मा का इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है।

### 9 अप्रैल को भेजा इस्तीफा, अब भी कैसे बने हुए जज

इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने बीते 9 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेजा था। जस्टिस वर्मा ने उस समय कहा था कि वह तत्काल प्रभाव से अपने पद से हट रहे हैं। अपने पत्र में उन्होंने गहरा दुख भी व्यक्त किया था। उनका इस्तीफा, कैश बरामदगी को लेकर चल रहे विवाद और महाभियोग की प्रक्रिया के बीच आया था।

### अपने पत्र में जस्टिस वर्मा ने क्या कहा था

9 अप्रैल को राष्ट्रपति को लिखे अपने इस्तीफे में जस्टिस वर्मा ने कहा था कि हालांकि मैं आपके गरिमामयी कार्यालय पर उन कारणों का बोझ नहीं डालना चाहता, जिनकी वजह से मुझे यह पत्र सौंपना पड़ा। फिर भी मैं गहरे दुख के साथ, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जज पद से तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा देता हूं।

### ऐसे मामले में सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा था

अनुच्छेद 217(1) के अनुसार, कोई जज उस समय अपने पद पर नहीं रहता, जब वह राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए अपने हाथ से रिजाइन लेटर भेजता है और खुद पद से इस्तीफे की बात कंफर्म करता है। 15 फरवरी, 1978 को गोपाल चंद्र मिश्रा मामले में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने इस मुद्दे पर विचार किया था। इसमें उन्होंने कहा था किसी जज का इस्तीफा कैसे प्रभावी होता है।

### 'जब कोई जज इस्तीफा राष्ट्रपति भेजता है तो...'

पीठ इस बात पर एकमत थी कि एक बार जब कोई जज अपना इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज देता है, तो यह मान लिया जाता है कि वह अब जज नहीं रहा। इस मामले में, जज ने अपने इस्तीफे के प्रभावी होने के लिए एक भविष्य की तारीख तय की थी, और उस तारीख के आने से पहले ही उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने चार-एक के बहुमत से यह फैसला दिया था कि, चूंकि इस्तीफा भविष्य की तारीख के लिए था,

# मार्कशीट में खुद को फर्स्ट दिखाया, गुस्साए पिता ने लकड़ी काटने वाले कटर से मासूम बेटी का गला काटा,आरोपी गिरफ्तार

महानगर मेट्रो ब्यूरो




पुणे। महाराष्ट्र के पुणे जिले के दौंड तालुका के देउलगांव राजे गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पिता पर अपनी ही 9 साल की बेटी की हत्या कर दी. इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है. आरोपी की पहचान शांताराम चव्हाण के रूप में हुई है, जिसने कथित तौर पर गुस्से में आकर अपनी बेटी की हत्या कर दी. पुलिस के अनुसार, आरोपी ने लकड़ी काटने वाले कटर से बच्ची के गले पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. इसके बाद उसने सबूत मिटाने के लिए शव को कपड़े में लपेटकर आग के हवाले कर दिया. दौंड पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर जांच की गई. वहां से बच्ची का आंशिक रूप से जला हुआ शव बरामद किया गया. पुलिस ने पंचनामा कर शव को कब्जे में लिया और आगे की जांच के लिए पुणे के ससून जनरल अस्पताल भेज दिया है, जहां डीएनए जांच की जाएगी. शुरुआती जांच में सामने आया है कि इस वारदात की वजह एक मामूली सा विवाद था, जो स्कूल के रिजल्ट को लेकर शुरू हुआ. कुछ दिन पहले अनामिका और एक अन्य बच्चे संस्कार का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ था. इसमें संस्कार को पहला स्थान मिला था, जबकि अनामिका दूसरे स्थान पर रही थी.
बताया जा रहा है कि रिजल्ट के बाद संस्कार ने अनामिका को चिढ़ाया था, जिससे वह आहत हो गई थी. इसके बाद अनामिका ने कथित तौर पर अपनी मार्कशीट में बदलाव कर खुद को पहले स्थान पर और संस्कार को दूसरे स्थान पर दिखा दिया. इसी बात को लेकर आरोपी पिता शांताराम चव्हाण गुस्से में आ गया और उसने इस जघन्य वारदात को अंजाम दे दिया. पुलिस का कहना है कि आरोपी ने गुस्से में आकर बच्ची की हत्या की और फिर सबूत मिटाने की कोशिश की. इस मामले में पुलिस ने आरोपी की पत्नी के खिलाफ भी केस दर्ज किया है. उस पर आरोप है कि उसने घटना की जानकारी होने के बावजूद पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी. फिलहाल पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गोपाल पवार ने बताया कि आरोपी ने अपनी ही बेटी की हत्या गले पर कटर से वार कर की और बाद में शव को जलाने की कोशिश की. उन्होंने कहा कि पुलिस को मौके से आंशिक रूप से जला हुआ शव मिला है

# ऑपरेशन सिंदूर का एक सालःक्क्रमोदी ने सोशल मीडिया डीपी बदली, ऑपरेशन का लोगो लगाया, लिखा- देश सेनाओं के शौर्य को सलाम करता है

## यह पहल पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में शुरू किए गए सैन्य ऑपरेशन की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना के साहस को ट्रिब्यूट देने के लिए की गई।

महानगर मेट्रो ब्यूरो




पहलगाम। अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया था, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। 7 मई 2025 को लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर में, भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में नौ बड़े आतंकी लॉन्चपैड को नष्ट कर दिया था। इस दौरान लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन की सुविधाओं को निशाना बनाया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने इस कार्रवाई में 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया था। पीएम मोदी ने संस्कृत श्लोक के लिए जरिए सेनाओं के पराक्रम को सलाम किया है। उन्होंने लिखा- उदीर्णमनसो योधा वाहनानि च भारत। यस्यां भवन्ति सेनायां ध्रुवं तस्यां जयं वदेत्...। यानी हे भारत, जिस सेना के योद्धा ऊंचे उत्साह और मजबूत मनोबल वाले हों, और जिसके पास अच्छे वाहन/साधन हों, उस सेना की विजय निश्चित मानी जाती है।एक साल पहले, हमारी सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बेजोड़ साहस, सटीकता और संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया, जिन्होंने पहलगाम में बेकसूर भारतीयों पर हमला करने की हिम्मत की थी। पूरा देश हमारी सेनाओं के शौर्य को सलाम करता है।ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत प्रतिक्रिया और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उसके अटूट संकल्प को दर्शाया। इसने हमारी सेनाओं के पेशेवरपन, तैयारी और समन्वित शक्ति को भी उजागर किया। साथ ही, इसने हमारी सेनाओं के बीच बढ़ते तालमेल को भी दिखाया और इस बात पर जोर दिया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की भारत की कोशिश ने हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कितनी ताकत दी है।आज, एक साल बाद भी, हम आतंकवाद को हराने और उसे बढ़ावा देने वाले पूरे तंत्र को तबाह करने के अपने संकल्प पर पहले की तरह ही अडिग हैं। 8 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब सेना के अधिकारियों जानकारी देने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी, तब बताया था कि ऑपरेशन के लिए 5 नाम तय हुए थे। सबसे आखिर में 2 नाम ऑपरेशन मंगलसूत्र और सिंदूर चुना गया। पहलगाम आतंकी हमले में कई महिलाओं के सुहाग उजाड़े गए थे,

इसलिए पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को मंजूरी दी। क्या हुआः भारतीय वायुसेना ने 23 मिनट में पीओके और पाक के भीतर 9 आतंकी ठिकाने उड़ाए। 100 आतंकी मारे गए। शाम को पाक ने मिसाइलें दागीं। 15 शहर निशाने पर थे, पर हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने करारा जवाब दिया। मईः देर रात 2 से सुबह 4 बजे क्या हुआः पाक ने लेह से गुजरात तक 1000 ड्रोन से 36 जगह हमला बोला। हमने 98' को मार गिराया। पाक के 4 एयर डिफेंस सिस्टम, एक रडार तबाह। 9 मईः रात 10:30 से 1:55 बजे क्या हुआः पाक ने 26 जगहों पर लंबी दूरी के हथियार दागे। भारत ने ड्रोन और सुखोई विमानों से 'ब्रह्मोस' दागी। इसने पाक के 11 एयरबेस और कई विमान तबाह किए।

# आरोपी गैंग ने नौवीं शादी भी करवाई और पीड़ित से लाखों रुपये लेकर महिला फरार हो गई. पुलिस में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

### महाराष्ट्र के बीड जिले में फर्जी शादी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला को अलग-अलग पुरुषों से शादी कराकर लाखों रुपये ठगे गए.

महानगर मेट्रो ब्यूरो



बीड . उमापुर गांव से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक ही महिला को अलग-अलग पुरुषों से शादी कराकर ठगी करने वाले एक गिरोह का खुलासा हुआ है. इस मामले ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है. पीड़ित योगेश शिंदे ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है. उनके अनुसार, वह और उनका परिवार उनके लिए दुल्हन की तलाश कर रहा था. इसी दौरान एक स्थानीय शादी कराने वाला एजेंट उनके संपर्क में आया और उसने एक लड़की का रिश्ता दिखाया. एजेंट ने इस शादी के लिए 3.5 लाख रुपये की मांग की. बताया जा रहा है कि बातचीत के बाद योगेश शिंदे के परिवार ने 3 लाख रुपये देने पर सहमति जताई. इसमें से 1 लाख रुपये नकद और 2 लाख रुपये डिजिटल ट्रांसफर के जरिए दिए गए. पैसे मिलने के तीन दिन बाद एजेंट लड़की को लेकर आया और पास के एक मंदिर में दोनों की शादी करा दी गई. शादी के लगभग एक महीने बाद पीड़ित को एक महिला से मिलवाया गया, जिसे लड़की की मां बताया गया था. बाद में पता चला कि वह महिला भी इस गिरोह का हिस्सा थी और खुद को झूठा रिश्तेदार बताकर धोखाधड़ी कर रही थी. पीड़ित के अनुसार, शादी के दो महीने के भीतर ही महिला अचानक घर से फरार हो गई. जाते समय वह घर से करीब 6 ग्राम सोना और 80 हजार रुपये नकद लेकर चली गई. इसके बाद जब पीड़ित ने जांच की, तो उसे पता चला कि यह कोई सामान्य मामला नहीं है, बल्कि एक संगठित ठगी का हिस्सा है. शिकायत में बताया गया है कि यही महिला पहले भी आठ अलग-अलग पुरुषों से शादी कर चुकी थी और हर बार इसी तरह पैसे लेकर फरार हो जाती थी. यानी यह उसकी नौवीं शादी थी, जिसके जरिए एक और व्यक्ति को ठगा गया. पीड़ित योगेश शिंदे ने बताया कि इस पूरी घटना में उन्हें करीब 9 लाख रुपये का नुकसान हुआ है. इसमें शादी के खर्चे और घर से चोरी हुए सामान की कीमत भी शामिल है. उन्होंने कहा कि इस ठगी के कारण वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गए हैं और आत्महत्या जैसे विचार आने लगे हैं. इस मामले में बीड के चाकलांबा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है. पीड़ित ने न्याय की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक से भी संपर्क किया है और पूरे मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. बताया जा रहा है कि यह गिरोह साल 2023 से सक्रिय है और ग्रामीण इलाकों के लोगों को निशाना बना रहा है. शादी के नाम पर भरोसा जीतकर यह गिरोह लोगों से पैसे लेता है और फिर महिला को फरार करवा देता है.

### पीड़ित ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

इस घटना ने एक बार फिर यह दिखाया है कि शादी जैसे पवित्र रिश्ते को भी कुछ लोग ठगी का जरिया बना रहे हैं. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है.

## ताज और ट्राइडेंट होटल में आतंकी हमले की धमकी, मुंबई पुलिस ने सायन से आरोपी को पकड़ा



महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई स्थित ताज होटल और ट्राइडेंट होटल को लेकर बुधवार को एक धमकी भरा कॉल मिलने से हड़कंप मच गया। कॉलर ने फोन पर दावा किया कि इन दोनों होटलों में आतंकवादी हमला होने वाला है। धमकी मिलने के तुरंत बाद होटल प्रबंधन ने इसकी सूचना मुंबई पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मुंबई पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। दोनों होटलों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और चप्पे-चप्पे पर निगरानी बढ़ा दी गई। बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर सघन जांच अभियान चलाया।

### सायन इलाके से पकड़ा आरोपी

मुंबई पुलिस के अनुसार, धमकी भरे कॉल को गंभीरता से लेते हुए तुरंत सुरक्षा बढ़ा दी गई और कॉलर की पहचान करने के लिए तकनीकी टीम को लगाया गया। इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कॉलर को ट्रेस कर मुंबई के सायन इलाके से उसे हिरासत में ले लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### शराब के नशे में किया कॉल

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने शराब के नशे में धमकी भरा कॉल किया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह अपने घरेलू समस्याओं से परेशान था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार, आरोपी हाउसकीपिंग का काम करता है

## सच्िन तेंदुलकर के साथ किया टीम इंडिया का डेब्यू, अब हुई ये बीमारी... CID और इन फिल्मों में किया है काम



महानगर मेट्रो ब्यूरो

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज सललि अंकोला इन दिनों डिप्रेशन से जूझ रहे हैं. पुणे के पास एक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करा रहे हैं. 58 वर्षीय अंकोला ने 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ कराची टेस्ट में सचनि तेंदुलकर के साथ इंटरनेशनल डेब्यू किया था. वहीं उनका वनडे डेब्यू भी उसी साल गुजरांवला में सचनि तेंदुलकर के साथ हुआ था.
सललि अंकोला की पत्नी रिया अंकोला ने TOI को बताया कि अक्टूबर 2024 में मां के निधन के बाद वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे. वह इस दुख से बाहर नहीं निकल पा रहे थे और लगातार बीमार भी पड़ रहे थे. इसके बाद उन्होंने खुद इलाज कराने का फैसला लिया.
रिया ने कहा कि परिवार इस बात से खुश है कि सललि ने समय रहते ब्रेक लेकर खुद को संभालने का फैसला किया. उन्होंने बताया कि अंकोला अब तेजी से रिकवर कर रहे हैं और नियमित रूप से वर्कआउट भी शुरू कर चुके हैं. रिया अंकोला के मुताबिक- क्रिकेट हमेशा उनका पहला प्यार रहा है. वह हमेशा फाइटर रहे हैं और हर मुश्किल से पहले से ज्यादा मजबूत होकर बाहर आए हैं. उन्होंने यह भी कहा कि क्रिकेट जगत ने सललि के फैसले का पूरा समर्थन किया है. करीब दो दशक पहले सललि अंकोला शराब की लत से भी जूझ चुके हैं और उन्होंने रिहैबिलिटेशन सेंटर में इलाज कराया था. हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक इस बार उनकी मानसिक स्थिति का शराब से कोई संबंध नहीं है, क्योंकि उन्होंने काफी पहले शराब छोड़ दी थी.

### नेशनल सेलेक्टर भी रहे हैं सललि अंकोला

सललि अंकोला ने जनवरी 2023 से अगस्त 2024 तक भारतीय टीम के नेशनल सेलेक्टर की भूमिका निभाई थी. इससे पहले वह 2021 से 2023 तक मुंबई क्रिकेट टीम के चीफ सेलेक्टर भी रहे. क्रिकेट करियर की बात करें तो अंकोला ने 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था. कराची टेस्ट में उन्होंने दोनों पारियों में एक-एक विकेट लिया, लेकिन इसके बाद उन्हें दोबारा टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिला. कुछ हफ्तों बाद उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ ही वनडे डेब्यू किया. उन्होंने भारत के लिए 20 वनडे मुकाबले खेले और 13 विकेट हासिल किए. वहीं घरेलू क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड शानदार रहा. उन्होंने 54 फर्स्ट क्लास मैचों में 181 विकेट और 75 लिस्ट-मुकाबलों में 70 विकेट झटके.
क्रिकेट के बाद सललि अंकोला ने मनोरंजन जगत में भी पहचान बनाई. उन्होंने टीवी शो CID में काम किया और कई फिल्मों व टीवी सीरियल्स में नजर आए. उनकी स्क्रीन प्रेजेंस और फिटनेस को काफी पसंद किया गया था. अब फैन्स और क्रिकेट जगत को उम्मीद है कि सलि ल अंकोला जल्द पूरी तरह स्वस्थ होकर फिर से अपने पुराने अंदाज में लौटेंगे.

## संसद तक पैदल मार्च निकाल रहे थे, सजा पूरी कर चुके सिखों की रिहाई की मांग




महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली. जानकारी के अनुसार, ये सभी 1984 के सिख दंगों के बंदियों की रिहाई की मांग के लिए दिल्ली गए थे। पहले सभी प्रदर्शनकारी दिल्ली स्थित श्री बंगला साहिब गुरघर में एकत्रित हुए। वहां से सभी ने काले कपड़े या जैकेट पहनकर हाथों में हथकड़ी डालकर पैदल मार्च निकालते हुए संसद तक जाने का फैसला लिया। जैसे ही प्रदर्शनकारी गुरुघर से बाहर रोड पर हाथों में हथकड़ी डालकर पैदल मार्च निकालने लगे। तभी दिल्ली पुलिस वहां आ पहुंची और 100 से ज्यादा सिख प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया। इस दौरान उन्होंने रोष जताया और दिल्ली की बीजेपी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने, आज भी हम बेड़ियों में हैं, बंदी सिंह रिहा करो के नारे लगाए। इस पैदल मार्च में सिरसा से किसान नेता लखविंद्र सिंह और अंग्रेजी सिंह कोटली, दलजीत सिह रंगा, सरदूल सिहं भटटी एवं तिरलोक सिंह खैरा शामिल रहे। किसान नेता लखविंद्र सिंह ने बताया, अभी दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया हुआ है। इससे सभी प्रदर्शनकारियों में रोष का माहौल है। वे सभी शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च कर संसद जा रहे थे। रास्ते में पुलिस ने धक्काशाही करते हुए हिरासत में लिया है। उनकी मांग है कि सिख दंगों के जो आरोपी अपनी सजा पूरी कर चुके हैं और उनको 35 साल होने को गए। आज भी जेल में हैं। संविधान के अनुसार उनकी सजा पूरी हो चुकी है, परंतु सरकार उनको रिहा नहीं कर रही। उन्होंने मांग है कि सभी सिख बंदियों को रिहा किया जाए।

